हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 नवंबर, 2025

11 नप के बाहर पार्षदों का धरना, इनेलो और कांग्रेस नेताओं ने दिया...



12 डीसी से मिला संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल...



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला आज विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर, मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर में सुबह 9.30 बजे से बाद दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

### व्यक्तिगत श्रेणी में निकाला कृषि यंत्रों का ड्रा

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन कंपोनेंट के व्यक्तिगत श्रेणी में 1084 कृषि यंत्रों का ड्रा निकाला गया। सभी चयनित 525 व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को कृषि विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों से ड्रा प्रक्रिया की जानकारी ली।

### अवैध हथियार सहित आदतन अपराधी काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने एक आदतन अपराधी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव सुखमानपुर वाटर वर्क्स के पास पहुंची, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक पिस्तौल 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

### हत्या के मामले में युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कश्मीर पुत्र पहलवान निवासी वार्ड नं. 15, रानियां, जिला सिरसा के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादीलाल ने बताया कि शिकायतकर्ता कमलराज पुत्र हेतराम निवासी पिरथला ने थाना सदर टोहाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी जमीन को लेकर उसकी बुआ और फूफा के साथ विवाद चल रहा था।

### पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला बिरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत थाना में दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लड़की को सुरक्षित बरामद किया।

## कैबिनेट मंत्री ने सीडीएलयू में पांच दिवसीय युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

# युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी: रणबीर गंगवा

- कलाकार गजेंद्र फोगाट ने अपने धमाकेदार गीतों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। जब युवा अपने विचारों, ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा में लगाते हैं तब समाज और देश नई ऊंचाइयों को छूता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना को सशक्त करते हैं। मंत्री रणबीर गंगवा सोमवार को सीडीएलयू सिरसा में त्रिवेणी युवा महोत्सव के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रदेश के युवाओं को अपनी कला, संस्कृति, विज्ञान और साहित्यिक प्रतिभा को प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता और अनुशासन से भविष्य के भारत के निर्माता बनेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का अपना महत्व है परंतु उससे ज्यादा जरूरी है कि विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना विकसित करे इस महान राष्ट्र में एक बेहतर समाज का निर्माण युवाओं को ही करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का अपना महत्व है परंतु उससे ज्यादा जरूरी है कि विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना विकसित करे इस महान राष्ट्र में एक बेहतर समाज का निर्माण युवाओं को ही करना होगा।

सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल और जीवन मूल्यों के विकास का उत्सव है। उन्होंने कहा कि सीडीएलयू विद्यार्थियों को ऐसे अवसर प्रदान कर रहा है, जहां वे अपनी पहचान स्वयं बना सकें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। युवा महोत्सव के अवसर पर हरियाणवी संगीत जगत के मशहूर कलाकार गजेंद्र फोगाट ने अपने धमाकेदार गीतों और जोश से भरी प्रस्तुति से मंच पर समा बांध दिया। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा हॉल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। फोगाट ने अपना पहला गीत शहीद ए आजम भगत सिंह को याद करते हुए गाया इसके बाद एक के बाद एक अपने हिट गीतों की झड़ी लगाई, जिस पर उपस्थित छात्र-छात्राओं और दर्शकों ने झूमकर नृत्य किया और खूब तालियां बजाईं। उनके ऊर्जावान अंदाज़ और शानदार गायकी ने वहां मौजूद हर व्यक्ति का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव के विश्वविद्यालय परिसर में रंग- बिरंगी सांस्कृतिक झांकी और भव्य प्रोसेशन (शोभायात्रा) निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में प्रदेश की लोक संस्कृति और एकता का संदेश दिया।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री रणबीर गंगवा, कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



सिरसा। सांस्कृतिक झांकी को हरी झंडी दिखाते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

### दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

इस शोभायात्रा में प्रथम स्थान पर शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज सिरसा, दूसरे स्थान पर एम एम कॉलेज फतेहाबाद, तीसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट सीडीएलयू सिरसा रहा। पहले दिन विभिन्न मंचों पर अनेक सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दिनभर चले कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय और विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने मंचों पर अपनी प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



सिरसा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिलते वार्डवासी।

## भाईचारा ग्रुप की ओर से बैठक आयोजित

# कैबिनेट मंत्री से मिले वार्डवासी समस्याओं से करवाया अवगत

- सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए मंत्री ने समस्याओं को दूर करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के वार्ड नंबर 10 में भाईचारा गुरप की ओर से वार्ड की समस्याओं को लेकर एक मीटिंग हुई। मीटिंग के पश्चात वार्डवासी कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिले और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। वार्डवासी राजेंद्र ढाका, सुरेंद्र शर्मा, जनकराज गोदारा, रामकुमार, राजेंद्र, कैप्टन महावीर सोलंकी, ओमप्रकाश जांगड़ा, ओमप्रकाश फौजी, रामकुमार स्वामी, इंद्रपाल, अशोक नारंग, प्रताप ख्यालिया, सतपाल चुरनिया, रूपराम पिलानिया, मोहन लाल शर्मा, महेश शाास्त्री, सतपाल पूनियां, बलबीर फौजी, दलीप मास्टर, जगदीश बिश्नोई, श्याम सुंदर बिश्नोई, सुरेश जोशी, सुरजीत सहारण, महाबीर शर्मा, दिवाकर पारीक, रामप्रताप जेई, देवीलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि शाह सतनाम चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक सड़क बनाने, बाजेकां मोड़ से लेकर बाजेकां गांव तक की सडक़ की रिपेयर, ऑटो मार्किट स्थित रुद्रा मोटर से लेकर ऑटो मा... अंत तक रोड बनवाने, पीने के पानी की सुचारू रूप से सप्लाई, पब्लिक हैल्थ को ठीक करवाने, सीवरों की सफाई आदि मांगों को उन्होंने मंत्री के सामने रखा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी समस्याओं को दूर करवाने का आश्वासन दिया।

### गाड़ी रोककर हमला करने के मामले में तीन युवक दबोचे

**फतेहाबाद।** गाड़ी रोककर चाचा-भतीजा पर हमला करने के मामले में भूना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता अंग्रेज सिंह, पुत्र स्व. अमर सिंह, निवासी डुल्ट, जिला फतेहाबाद ने थाना भुना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसके और उसके चाचा के साथ नामजद आरोपियों एवं उनके साथियों ने उनकी गाड़ी रोककर हथियारों से हमला किया और उन्हें घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना भूना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारंभ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, और अब इसी क्रम में तीन अन्य सह-आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय उर्फ धौला पुत्र रणसिंह निवासी चमारखेड़ा, दीपक उर्फ बिल्ली, पुत्र नरेश कुमार अमन उर्फ रवि पुत्र कश्मीर निवासी भुना के रूप में हुई है।

## सड़क पर वाहनों की पार्किंग से परेशानी

# अतिक्रमण से डबवाली रोड तंग गली में हुआ तब्दील

- दुकानदारों की ओर से 15 से 20 फुट तक अवैध कब्जे किए हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के डबवाली रोड पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण से हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है, लेकिन पुलिस दुपहिया वाहन चालकों के चालान काटने में व्यस्त है। सुरखाब चौक से लेकर चत्तरगढ़ पट्टी फाटक तक डबवाली रोड अतिक्रमण की वजह से तंग गली में तब्दील हो चुकी है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है।

उल्लेखनीय है कि अरोड़वंश चौक से लेकर सांगवान चौक तक सडक़ के दोनों ओर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग परेशानी का सबब बनी हुई है। सडक़ के दोनों ओर दर्जनों अस्पताल और बैंक है। यहां पर मरीजों और ग्राहकों के वाहन खड़े रहते है। इसके साथ ही दुकानदारों, शोरूम संचालकों की ओर से 15 से 20 फुट तक अवैध कब्जे किए हुए है। जिसके कारण डबवाली रोड तंग गली बनकर रह गई है। अनेक शोरूम और अस्पताल संचालकों ने कई-कई फुट तक रेंप बना रखे है। कई ने जंजीरे लगा रखी है। अनेक ने दुकानों के आगे रेहड़ी और खोखे लगवा रखे है। रही-सही कसर बिजली विभाग ने पूरी कर रखी है। बिजली विभाग द्वारा आधी सडक़ पर खंभे लगा रखे है।




सिरसा। डबवाली रोड अस्पताल के आगे खड़े वाहन।

# टोहाना में पराली जलाने की 34 घटनाएं आई सामने, 10 किसानों पर एफआईआर

- आगजनी की घटनाओं का होना गंभीर चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पराली की आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपमण्डल कृषि अधिकारी टोहाना ने बताया कि 9 नवम्बर तक उपमण्डल टोहाना में पराली आगजनी की कुल 34 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 10 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है तथा अन्य मामलों में जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन के लिए ग्राम स्तर पर समितियां गठित की गई हैं, इसके बावजूद आगजनी की घटनाओं का होना गंभीर चिंता का विषय है। इसके उपरांत उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया। बैठक में एसडीएम आकाश शर्मा ने सभी अधिकारियों को पराली प्रबंधन में सख्ती और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन, किसान, पंचायत प्रतिनिधि और आमजन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।



टोहाना। पराली जलाने की घटनाओं को लेकर दौरा करते एसडीएम।

### एसडीएम ने दिए आश्वयक निर्देश

एसडीएम ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी प्रतिदिन सांय 3.30 बजे से 5.00 बजे तक ग्राम स्तर पर जागरूकता बैठकों का आयोजन करें, जिनमें संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रबन्धक भी शामिल रहें। शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूली बच्चों को जोड़ते हुए पराली न जलाने के विषय पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि इसका संदेश घर-घर तक पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि ग्राम सचिव और पटवारीगण अपने क्षेत्र में सरपंचों और नम्बरदारों के साथ मिलकर ऐसे किसानों को पहले से चिन्हित करें, जिनकी फसल कट चुकी है या कटने वाली है, ताकि पराली प्रबंधन के उपाय समय पर लागू हो सकें।

### ठगों के झांसे में आया कर्मचारी, साढ़े दस लाख रुपये गंवाए

**सिरसा।** डबवाली में एक व्यक्ति से ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। सदर थाना डबवाली पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में भिवानी जिले के गांव अलखपुर निवासी सोनू राम ने बताया कि पशु पालन विभाग में डबवाली में कार्यरत हैं। सोनू ने बताया कि उसे टेलीग्राम ऐप पर एक संदेश मिला, जिसमें पार्ट-टाइम जॉब करने और टास्क पूरा कर पैसे कमाने का ऑफर दिया गया था। बातचीत के दौरान ठगों ने एक बसाइट लिंक भेजा और सोनू से उस पर अकाउंट बनवाया। इसके बाद उन्हें टास्क पूरे करने के नाम पर बार-बार पैसे निवेश करने को कहा गया। अक्टूबर माह में ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों में 18 बार ट्रांजैक्शन करवाकर करीब साढ़े दस लाख रुपये हड़प लिए।

## बैठक में लिया फैसला

# 3 दिसंबर को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस

- विशेष उपलब्धि प्राप्त विकलांगों को सम्मानित भी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की बैठक राज्यध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सती मन्दिर रतिया में हुई। बैठक में राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली विशेष तौर पर शामिल हुए और बैठक का संचालन जिला सचिव सुरेन्द्र जाण्डली ने किया। राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने कहा कि पिछले दिनों हुई विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की राज्य कमेटी की बैठक में फैसला लिया है कि इस बार 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पूरे हरियाणा में जिला व ब्लॉक स्तर पर मांग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस रतिया मे जिला स्तर पर पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकलांग दिवस को लेकर फतेहाबाद जिले के प्रत्येक ब्लॉक के गांवों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और विशेष उपलब्धि प्राप्त विकलांगों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत विकलांगों के बस पास व विकलांगता प्रमाण पत्र होने के बावजूद भी प्राईवेट व रोडवेज की बसों के परिचालक द्वारा जबरदस्ती विकलांगों की टिकट काटी जा रही है, जिसकी मंच को निरन्तर शिकायतें मिल रही है।

### चूरापोस्त तस्कर को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र से एक व्यक्ति के कब्जा से 2 किलो 90 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान गांव मिठनपुरा निवासी भीम सेन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ऐलनाबाद से होते हुए गांव किशनपुरा की तरफ जा रहे थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सामने देखकर एक व्यक्ति ने बाइक स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने राजपत्रित अधिकारी के मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 2 किलो 90 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की है।

## सियासत | लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

# पंचायत समिति चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा, बरकरार रहेगी पूजा की कुर्सी

- बैठक में नहीं चेयरपर्सन के अलावा नहीं पहुंची कोई सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पंचायत समिति की चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आखिरकार गिर गया। लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाई गई थी। दोपहर 3 बजे शुरू हुई इस मीटिंग में चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा के अलावा कोई सदस्य नहीं पहुंचा। ऐसे में एडीसी ने नॉर्म्स के अनुसार तय समय तक सदस्यों का इंतजार किया, जब कोई सदस्य नहीं पहुंचा तो उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने का ऐलान किया।

बता दें कि फतेहाबाद पंचायत समिति में कुल 30 वार्ड हैं। इनमें से एक सदस्य का निधन हो चुका है। ऐसे में फिलहाल 29 सदस्य हैं। पिछले दिनों ही समिति के 29 में से 21 सदस्यों ने साइन करके चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास जताते हुए 18 सितंबर 2025 को डीसी को ज्ञापन सौंपा था। इन सदस्यों में पूर्व विधायक दुड़ाराम के समर्थक सदस्य भी शामिल थे। अविश्वास पर चर्चा के लिए 29 मेंसे 20 सदस्यों का बैठक में पहुंचना अनिवार्य था। अगर ऐसा होता तो चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा को कुर्सी छोडऩी पड़ती लेकिन इससे पहले ही चराईपौत्रा परिवार ने खफा सदस्यों ने सैटिंग कर ली और आखिरकार पूजा चराईपौत्रा अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रही।



पूजा चराईपौत्रा।

### विरोधी खेमे की कोशिशें नाकाम

चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा बीजेपी की जिला कार्यकारिणी सदस्य हैं। वह लगातार बीजेपी के कार्यक्रमों में सक्रियता से भागीदारी करती रही हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार दुड़ाराम का साथ न दिए जाने से दुड़ाराम खेमा उनसे नाराज चल रहा है। तब से ही उनकी कुर्सी गिराने की कोशिशें चल रही हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद से पूजा चराईपौत्रा का परिवार कुर्सी बचाने की जोड़-तोड़ में लग गया था। पूजा के पति अजय 3 नवंबर को ही करीब 10 सदस्यों को साथ लेकर चंडीगढ़ रवाना हो गए। मीटिंग के दिन तक भी ये सदस्य वापस नहीं लौटे। इस कारण विरोधी खेमे के पास निर्धारित संख्या पूरी नहीं हो पाई और चेयरपर्सन कुर्सी पर बरकरार रही। अब नियमों के मुताबिक एक साल तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा।

### लालच देने का आरोप

अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने पर पंचायत समिति के वार्ड नंबर 16 की सदस्य सीमा के पति वीरेंद्र भादू ने आरोप लगाया कि पंचायत समिति सदस्यों को अपनी तरफ करने के लिए चेयरपर्सन के परिवार ने लालच दिया है। चंडीगढ़ ले जाने के साथ-साथ पैसों का खेल भी हुआ है। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने पर चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा ने उनक साथ देने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि पहले से जारी विकास कार्यों को आगे भी जारी रखा जाएगा।

हरिभूमि

# सहेली




विशेष: बाल दिवस, 14 नवंबर

बच्चा है तो वह मासूम, भोला-भाला होगा ही, बड़ी स्वाभाविक सी बात है। लेकिन इस नए दौर में बच्चे अपनी मासूमियत खो रहे हैं, उनकी बाल सुलभ सहजता लुप्त हो रही है, इसके कुछ नकारात्मक परिणाम बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर पड़ रहे हैं। जरूरी है अभिभावक इन्हें जानें-समझें और बच्चे की मासूमियत खोने ना दें, उनका नैसर्गिक विकास हो।

## बच्चों की खोती मासूमियत कैसे सहेजें हम

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चे, अब बच्चों जैसे नहीं रहे। बालमन की मासूमियत गुम हो रही है। अब तो बच्चों के खेल-खिलौने ही बदल गए हैं। कैसी भाषा बोलने लगे हैं, आजकल के बच्चे? अब तो घर के छुटके सदस्य किसी की सुनते ही नहीं। ऐसी बातें घर-घर का किस्सा हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चों के अभिभावक, चिंतित भी हैं और चकित भी। कभी आने वाले कल से जुड़े भय के चलते तो कभी आज की उलझनों के कारण, बच्चों के बदलते बर्ताव की चर्चा हर ओर हो रही है।





### समझना होगा बच्चों के मन का हाल

वक्त के साथ लाइफस्टाइल से लेकर तकनीक के इस्तेमाल तक, हर चीज में बदलाव आएगा ही। इन बदलावों संग ही सकारात्मक परवरिश की राह निकालनी होगी। अभिभावक को बच्चों के मन का हाल समझना होगा। उनके व्यवहार पर गौर करते हुए, सोच की बदलती दिशा की थाह लेनी होगी। समय के साथ सधी कदमताल ही बचपन की मासूमियत सहेज सकती है। साथ ही नई पीढ़ी को अपडेट रखने के लिए भी एक संतुलित रास्ता चुनना आवश्यक है। बच्चों के लिए तो सब कुछ नया-सा होता है। स्कूल जाने पर सीखने-पढ़ने की नई खिड़की खुलती है। आस-पड़ोस का मेलजोल, घर के बाहर लोगों के व्यवहार से जुड़े अच्छे-बुरे तौर-तरीकों से मिलवाता है। ऐसे में बच्चे कभी कुछ जान-बूझकर सीखते हैं तो कभी अनजाने ही किसी के बर्ताव को दोहराने लगते हैं। बावजूद इसके बच्चों को अपने परिवेश से दूर नहीं रखा जा सकता। खेलकूद या मेलजोल पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। ऐसे में अभिभावक को ठहराव के साथ उनका हाथ थामना होगा। समय के साथ आ रहे बदलावों के प्रति 'सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय' का भाव शुरुआती पड़ाव पर ही उनके मन में भरना होगा। ध्यान रहे कि हर परिस्थिति को लेकर शिकायत करना इंसान को सीमाओं में बांधता है। इसीलिए मौजूदा दौर में अभिभावक को एक बैलेंस बनाना होगा। जीवन की डगर पर बच्चों का हाथ थामकर एक सधी कदमताल करनी होगी। बालमन को नकारात्मकता से बचाने के लिए समझाइश देनी होगी। बच्चों के मन में सकारात्मक बातों-बर्ताव को अपनाने वाली खुली सोच को पोसना होगा।

### सकारात्मक जुड़ाव ही है हल

संपर्क में आने वाले लोग हों या इस्तेमाल की जा रही सुविधाएं। बच्चे, सही या गलत का फर्क नहीं कर सकते। उनका मासूम मन लाभ या हानि का गणित नहीं समझता। हालिया वर्षों में तकनीक द्वारा बालमन का दिशाहीन होना एक बड़ी चिंता बन गया है। अभिभावक बच्चों को टेक्निकल गैजेट्स का सही इस्तेमाल करना सिखाएं। साथ ही खुद भी स्क्रीन के संसार में खोने के बजाय इस मामले में अनुशासन बरतें। स्पेन की यूनिवर्सिटी नेब्रिजा में हुए एक अध्ययन के मुताबिक स्क्रीन टाइम बच्चों के लिए नुकसानदेह और फायदेमंद दोनों साबित हो सकता है। यह अध्ययन कहता है कि स्क्रीन के बहुत अधिक और अनियंत्रित इस्तेमाल से बच्चों का फोकस कम होता है। बच्चों के भाषा सीखने और भावनात्मक विकास में बाधा आ सकती है। नेब्रिजा यूनिवर्सिटी का यह अध्ययन बताता है कि अगर स्क्रीन का उपयोग, एजुकेशनल कंटेंट और परिवार के साथ इंटरैक्शन के लिए किया जाए तो बच्चों के दिमागी विकास, ध्यान और भाषा में सुधार कर सकता है। यही बात खेल, सामाजिक मेल-मिलाप, खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी दूसरी आदतों पर भी लागू होती है। बच्चे जो भी करें, उस फील्ड से जुड़े लोगों से ही नहीं, उस एक्टिविटी से भी एक पॉजिटिव कनेक्ट रखना सिखाएं।



### सभी की भूमिका अहम

क्या सिर्फ बच्चे ही बदले हैं? अनुशासनहीनता और आक्रोश ने केवल बालमन को ही नहीं घेरा है, घर में बड़ों की बात सुनने-समझने में कोताही करने वाले केवल बच्चे ही तो नहीं? ऐसे बहुत से सवालों को लेकर अभिभावकों को गंभीरता से सोचना होगा। इन बातों-हालातों पर गहराई से सोचे बिना बच्चों की मासूमियत को नहीं सहेजा जा सकता। बच्चों के बचपन का गुम होना, बड़ों के बदलते जीवन पर भी प्रश्न उठाता है। बालमन का भ्रमित होना बड़ों की प्राथमिकताओं से उनके गायब हो जाने की भी बानगी है। घर से छुटके सदस्यों का चुप्पी चुन लेना, बड़ों से संवाद कम होने का भी नतीजा है। कहीं काम-काजी आपा-धापी में फंसे पैरेंट्स कुछ कहने से पहले ही बच्चों को जज कर रहे हैं तो कहीं मम्मी-पापा के रिश्ते में आते अलगाव की आंच मासूम मन को झुलसा रही है। अनगिनत सुविधाओं से घिरे बच्चे अकेले से लगते हैं। मशीनों के साथ पलते बच्चे मन के मोर्चे पर उदासी के घेरे में हैं। स्कूलों में दूसरी एक्टिविटीज के बोझ तले दबे टीचर्स, बच्चों से जुड़ाव नहीं बना पा रहे। आस-पड़ोस के दरवाजे ही नहीं, मन से जुड़ने के रास्ते भी बंद हैं। बदलावों के नाम पर बनी इस अजब-गजब दुनिया में बच्चे खोए से खड़े हैं। ऐसे में उनका साथ देने की जिम्मेदारी पैरेंट्स, टीचर्स और नेबर्स सभी की है। कहा जाता है कि 'इट टेक्स अ विलेज टू रेज अ चाइल्ड' यानी परिवार ही नहीं, पूरा परिवेश चाहिए होता है एक बच्चे को बड़ा करने के लिए। स्कूल, खेल का मैदान, ट्यूशन सेंटर या घर-आंगन, बचपन को सहेजने के लिए परवरिश की साझी जिम्मेदारी हर जगह मौजूद लोगों को

## ज्यादा लाड़-प्यार से बिगड़ता है बच्चों का बर्ताव

सभी पैरेंट्स अपने बच्चों को खूब दुलार करते हैं, उनकी हर इच्छा पूरी करना चाहते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा लाड़-प्यार बच्चों के बर्ताव को बिगाड़ सकता है, इसलिए सजग रहना जरूरी है।

रखें ध्यान

चैतन्या

अधिकतर पैरेंट्स अपने बच्चों को प्यार करने में कोई कमी नहीं रखना चाहते। घर के छोटे सदस्यों के प्रति यह लाड़-प्यार जरूरी भी है। प्यार-दुलार का यही व्यवहार दो पीढ़ियों के जुड़ाव को मजबूत करता है, लेकिन नेह भरा यह बर्ताव उस समय परेशानी का कारण बन जाता है, जब बच्चों की हर बात मान लेना ही प्यार जताना समझ लिया जाए। हर मामले में बच्चों के कहे मुताबिक पैरेंट्स, खुद को ढालने-बदलने लगें। समझना जरूरी है कि हद से ज्यादा लाड़-प्यार पाने के इन हालातों में बच्चे, अपने से बड़े पारिवारिक सदस्यों की बात सुनने-मानने की प्रवृत्ति भी खोने लगते हैं। इसीलिए बच्चों की परवरिश में लाड़-प्यार की भी एक सीमा आवश्यक है। शुरू से ही ऐसा ना किया जाए तो बच्चे बहुत-सी मानसिक और व्यावहारिक समस्याओं के घेरे में आने लगते हैं।



**मूड स्विंग्स का शिकार:** हद से ज्यादा प्यार मिलने से बालमन इमोशनल रेग्युलेशन नहीं सीख पाता। ऐसे बच्चे, अपनी इच्छाओं और भावनाओं के आगे पैरेंट्स के किसी तर्क या समझाइश को नहीं मानते हैं। पैरेंट्स का हद से ज्यादा प्यार पाने वाले बच्चों में मूड स्विंग्स ज्यादा होते हैं, जो जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही उन्हें दिशाहीन करने लगते हैं। ऐसे में बड़ों का भी समय रहते चेत जाना जरूरी है। मन-मुताबिक सब करने-चाहने की आदत बन जाने के बाद उनके मूड स्विंग्स को मैनेज करना मुश्किल हो जाता है। बात-बात पर बच्चों की बदलती मनःस्थिति, पैरेंट्स को सजग करने वाला पक्ष है। इस बर्ताव से उनको समझना चाहिए कि बच्चे को जरूरत से ज्यादा ही लाड़-प्यार मिल रहा है। समझाइश को मानने और मन की करने-करवाने से दूर होते बच्चों के पैरेंट्स को संतुलित परवरिश की राह चुननी चाहिए। इसीलिए शुरुआती कदम पर ही याद रखें कि लाड़-प्यार की अति, बच्चों को मूड स्विंग्स का शिकार बनाने वाली होती है।



**टीम वर्क से दूरी :** पैरेंट्स द्वारा मन-मुताबिक सब कुछ करने देने की छूट पाने वाले बच्चे, टीम वर्क नहीं कर पाते। पढ़ाई हो या सामाजिक-पारिवारिक गतिविधि, कोई प्रेशर नहीं सह पाते। हमारे परिवारों में आमतौर पर बच्चों से दुलार करने का मतलब उन्हें गलत व्यवहार से ना टोकना, बुरी भाषा बोलने से ना रोकना और जिद्दी बर्ताव करने पर सख्ती ना करने से लिया जाता है। बच्चों के हर तरह के नकारात्मक व्यवहार की यह सहज स्वीकार्यता उन्हें और आक्रामक बना देती है। समझना मुश्किल नहीं कि घर हो या स्कूल, यह आक्रामकता उनमें मिलजुल कर काम करने की सोच नहीं आने देती है। साथ ही किसी बच्चे का यह बर्ताव देख, दूसरे बच्चे भी उससे दूरी बनाने लगते हैं। पैरेंट्स के सामने की जाने वाली जिद के समान ही बच्चे घर से बाहर भी मिल-जुलकर कोई एक्टिविटी करने के बजाय अपनी बात मनवाने पर अड़ने का रुख अपनाते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को रचनाशीलता से दूर करती है। क्लास हो या खेल का मैदान, साझी गतिविधियों में अपनी ही जिद मनवाने की मानसिकता के चलते बच्चे ना तो क्रिएटिव बन पाते हैं और ना ही कुछ नया सीखने में रुचि लेते हैं।

**अशिष्ट और स्वार्थी बर्ताव:** लाड़-प्यार की अति से जुड़ी समस्याओं का खामियाजा बच्चों के पूरे व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। पैरेंट्स की हद से ज्यादा उदारता से हर बात में बहस करना, बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है। इससे उनका व्यक्तित्व ही नहीं आने वाला जीवन भी प्रभावित होता है। शुरू से ही 'न' सुनने की आदत ना डाली जाए तो एक समय के बाद माता-पिता भी बच्चों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर पाते। बच्चों को सही दिशा नहीं दिखा पाते। इसीलिए बच्चों के प्रति स्नेहपूरित दुलार के साथ एक सधापन शुरू से ही अपनाएं। a

हालांकि अब ज्यादातर घरों में बच्चे, बड़े-बूढ़ों से कहानी सुनने में रुचि नहीं लेते। जबकि कहानियां बच्चों का मनोरंजन करती हैं, उनका ज्ञान बढ़ाती हैं, उन्हें अच्छे गुणों से संस्कारित करती हैं। बच्चों को कहानी सुनाने के फायदों के बारे में जानिए।

## मनोरंजन के साथ सिखाती भी हैं कहानियां

सलाह

प्रतिभा अग्निहोत्री



कहानियां, मोबाइल और टीवी के आगमन से पहले बच्चों को जीवन के मूल्यों को सिखाने का एक सशक्त माध्यम हुआ करती थीं। रात को सोने से पहले अपनी दादी-नानी से कहानी सुनना लगभग हर बच्चे के लिए जरूरी काम हुआ करता था। इसका वे बहुत बेसब्री से इंतजार किया करते थे। लेकिन जैसे-जैसे तकनीक का विकास होता गया, वैसे-वैसे किस्से-कहानियों की सुनाया जाना कम होता गया। आज इस सबका स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। बच्चे से लेकर बड़े सभी डिजिटल दुनिया में खोए नजर आते हैं, जिससे न केवल उनकी आंखें, शरीर और मानसिक क्षमता भी प्रभावित हो रही है। बच्चों की क्रियाशीलता और रचनात्मक क्षमता खत्म होती जा रही है। बच्चों के समुचित विकास के लिए उन्हें किस्से-कहानियों से परिचित कराना बहुत जरूरी है।



**रचनात्मक प्रतिभा का विकास:** बच्चे जब किसी भी कहानी को सुनते हैं तो वे मानसिक रूप से उसमें डूब से जाते हैं। उन्हें लगता है कि मानो अमुक घटना बिल्कुल उनके सामने ही घटित हो रही है। यही नहीं कई बार वे स्वयं को ही उस घटना का पात्र भी समझने लगते हैं। सुनते समय वे कहानी के आगे आने वाले घटनाक्रम की कल्पना करने लगते हैं, इससे उनकी कल्पनाशीलता बढ़ती है, साथ ही उनकी रचनात्मक प्रतिभा का विकास भी होता है। यही रचनाशीलता आगे चलकर उनके व्यक्तित्व और उनकी शिक्षा में भी परिलक्षित होती है।

**वोकैबलरी होती है मजबूत:** कहानी सुनते समय बच्चे अनेक नए शब्दों से परिचित होते हैं। वे शब्द उनके अवचेतन मन में समा जाते हैं, जिनका अकसर बच्चे अपनी बातचीत में प्रयोग करते दिखते हैं। कहानियों से न केवल बच्चों में शब्द ज्ञान यानी वोकैबलरी बढ़ती है, वे वाक्यों को बनाना और यथोचित स्थान पर उनका प्रयोग करना भी सीखते हैं।

**बनते हैं अच्छे श्रोता:** चूंकि कहानी सुनने के दौरान बच्चा बोलता कम और सुनता अधिक है, इससे उसमें बचपन से ही अच्छे श्रोता के गुणों का विकास होने लगता है, जो भविष्य में उसके व्यक्तित्व विकास के लिए लाभकारी सिद्ध होता है।

**जीवन मूल्यों का विकास:** जब भी हम बच्चों को कोई कहानी सुनाते हैं तो उन कहानियों के पात्रों के माध्यम से उनमें जीवन मूल्यों का विकास होता है। हम सही, गलत, सच और झूठ जैसे भावों से परिचित कराते हैं, जो उम्र भर उनका साथ देते हैं।

**इतिहास-संस्कृति का ज्ञान:** बच्चों के पास आजकल अपना एकेडमिक कोर्स ही इतना अधिक होता है कि उनके पास अलग से कुछ भी पढ़ने का समय ही नहीं होता परंतु कहानियों के माध्यम से आप उन्हें अपनी संस्कृति और इतिहास से रूबरू करा सकते हैं, इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होती है।

**अध्ययन में मददगार:** कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक तो होती ही हैं, वे उनके अध्ययन में भी बहुत मददगार होती हैं। बचपन में सुनी गईं कहानियों से बच्चे की कल्पनाशीलता बढ़ती है।

**ज्ञान में वृद्धि:** कहानियों के विषय चूंकि मानव, पशु-पक्षी, जीव-जंतुओं आदि से सबंधित होते हैं, सो कहानी सुनते समय बच्चे इनसे परिचित हो जाते हैं, जिससे उनके विविध विषयों के ज्ञान में वृद्धि तो होती ही है, बच्चों में विषयों को जानने की जिज्ञासा भी बढ़ती है। a

**(मनोवैज्ञानिक कीर्ति वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## बच्चों की ड्राय स्किन ऐसे बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग

एडवाइस

ललिता गोयल

सर्दी के मौसम में बच्चों की स्किन काफी ड्राय होने लगती है। ऐसे में उनकी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। बदलते मौसम में बच्चों की स्किन की अगर सही देखभाल न की जाए, तो वो ड्राई और रफ होने लगती है। मौसम में बदलाव के कारण बच्चों के होंठ फटने लगते हैं, स्किन में ईचिंग होने लगती है। ऐसे में यहां बताए जा रहे उपायों पर गौर करना होगा।

**मॉयश्चराइजर लगाएं:** बच्चे को नहलाने के बाद उसकी स्किन को अच्छी तरह से पोंछने के बाद मॉयश्चराइजर लगाएं। सर्दियों में हवा में नमी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई हो सकती है। ऐसे में बच्चे की त्वचा को मॉयश्चराइज रखने के लिए अच्छे मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

**गुनगुने पानी का यूज करें:** कभी भी बच्चे को ज्यादा गर्म पानी से न नहलाएं। इससे बच्चे की स्किन का नेचुरल ऑयल कम हो सकता है। ऐसे में बच्चे के लिए हमेशा हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। गुनगुने पानी से नहलाने से एक तो बच्चे को ठंड नहीं लगेगी, वहीं साथ ही में उनकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।



**हीटर की गर्मी से करें बचाव:** अकसर लोग सर्दी के मौसम में ठंड से राहत दिलाने के लिए अपने बच्चे को नहलाकर हीटर के आगे बैठा देते हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए।

**हाइड्रेशन का ध्यान रखें:** बच्चे को ड्राई स्किन की प्रॉब्लम से बचाने के लिए उसे डिहाइड्रेट न होने दें। उसे पर्याप्त मात्रा में पानी और लिक्विड डाइट देती रहें।

**ऑयल मसाज करें:** नन्हे बच्चों की स्किन से ड्राईनेस को मिटाने के लिए, थोड़े-थोड़े समय के अंतर पर तेल से मालिश जरूर करें। इससे आपके बच्चे की स्किन से रूखापन खत्म हो जाएगा। साथ ही, बच्चे की हेल्थ भी अच्छी बनी रहेगी।

**माइल्ड साबुन का करें इस्तेमाल:** केमिकल्स बेस्ड साबुन का इस्तेमाल करने से बच्चों की स्किन हार्श और ड्राई हो सकती है। इसलिए बच्चे को गुनगुने पानी से स्नान कराएं और हल्का बेबी सोप या माइल्ड क्लींजर इस्तेमाल करें। नहलाते वक्त बच्चे की त्वचा पर सिर्फ एक बार ही साबुन लगाएं। बार-बार बच्चों की त्वचा पर साबुन रगड़ने से स्किन से नमी खत्म हो सकती है। नहलाने के बाद बच्चों की त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए बेबी लोशन या एलोवेरा जैल भी लगाएं।

**सनस्क्रीन लगाएं:** ज्यादातर पैरेंट्स अकसर यह गलती करते हैं कि वो धूप में बाहर ले जाते वक्त सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ऐसा करना बिल्कुल गलत है। धूप से सुरक्षा के लिए बच्चों की त्वचा पर सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी होता है। इससे बच्चे की स्किन पर ड्रायनेस नहीं आती है। a

**(बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन

डॉ. अशोक झिंगन

चेयरमैन-डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली

बदलती जीवनशैली, गलत खान-पान और कम फिजिकल एक्टिविटी के कारण डायबिटीज अब बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ल्ड डायबिटीज-डे (14 नवंबर) के अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं बच्चों में डायबिटीज होने के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## बच्चों को भी हो सकता है डायबिटीज

डब्ल्यूएचओ ने भारत को 'डायबिटीज कैपिटल' का दर्जा दिया है। डायबिटीज एक मेटाबॉलिक बीमारी है, जिसमें शरीर के पैंक्रियाज ग्लैंड में बनने वाला इंसुलिन हार्मोन या तो पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता या उसका असर कम हो जाता है। इंसुलिन भोजन से प्राप्त शुगर 'ग्लूकोज' को अवशोषित कर रक्त के जरिए शरीर के विभिन्न कोशिकाओं तक पहुंचाता है, जिससे सभी सेल्स सुचारू रूप से काम करते हैं और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह प्रक्रिया सामान्य रूप से नहीं चल पाती, तो रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। शुगर का बढ़ा हुआ स्तर लंबे समय तक बने रहने से व्यक्ति डायबिटीज का शिकार हो जाता है।



**टाइप-1 डायबिटीज:** यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे वायरल फीवर के बाद संक्रमण, खाने-पीने की चीजों में मौजूद टॉक्सिन या केमिकल, मौसम परिवर्तन, प्रदूषण आदि। इनमें से किसी भी कारण से पैंक्रियाज ग्लैंड की बीटा सेल्स के खिलाफ एंटीबॉडी बनने लगती हैं, जिससे इंसुलिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है या बंद हो जाती है। बढ़ी हुई ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए रोजाना प्रत्येक भोजन के बाद इंसुलिन लेना आवश्यक हो जाता है। अगर सही समय पर उचित उपचार मिले तो टाइप-1 डायबिटीज वाले बच्चे भी लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

**टाइप-2 डायबिटीज:** यह फिजिकल एक्टिविटी की कमी, गलत खान-पान, मोटापा और फैमिली हिस्ट्री के कारण होती है। इसमें शरीर में इंसुलिन कम बनता है या शरीर उसे सही तरह उपयोग नहीं कर पाता। इसमें नियमित व्यायाम और संतुलित आहार लेने की सलाह दी जाती है। सुधार न होने पर दवाइयां और इंसुलिन देना आवश्यक है।

**लक्षण:** बार-बार यूरीन आना खासकर रात में, अधिक प्यास लगना, जल्दी थक जाना, कमजोरी, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, देखने में दिक्कत, पढ़ाई में मन न लगना, मूड स्विंग्स, अचानक इंफेक्शन होना, विकास प्रभावित होना, लड़कियों में पीरियड्स का अनियमित होना।

**कारण:** डायबिटीज का जेनेटिक फैमिली बैकग्राउंड, गर्भावस्था में मां को जेस्टेशनल डायबिटीज के कारण नवजात शिशु का 3.5 किलोग्राम से अधिक होना, अधिक स्क्रीन टाइम और कम फिजिकल एक्टिविटी। मोटापा, जंक, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त पेय पदार्थों का अधिक सेवन करना। a



### बचाव के उपाय

**डायबिटीज से** अपने बच्चों को बचाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- बच्चों में हेल्दी ईटिंग हैबिट्स डालें।
- घर का बना संतुलित आहार दें और जंक फूड से दूर रखें।
- मीठा कम खाने को दें और नट्स, फ्रूट्स उनकी डाइट में शामिल करें।
- बच्चों के वजन और गतिविधि पर ध्यान रखें, ग्रोथ चार्ट मेंटेन करें।
- रोजाना कम से कम 60 मिनट फिजिकल एक्टिविटी के लिए बच्चे को प्रेरित करें।
- गर्भावस्था में महिलाओं को हेल्दी डाइट दें और नियमित चेकअप कराएं।
- अगर बच्चे को डायबिटीज है तो नियमित दवाएं और मॉनिटरिंग आवश्यक है।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस की मल्लेकां पुलिस चौकी ने 49 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन बरामदगी मामले में हैरोइन सप्लायर को गांव कोटली क्षेत्र से काबू किया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सप्लायर आरोपी की पहचान गांव कोटली निवासी गुरुपेज उर्फ गुरुभेज के रूप में हुई है। गौरतलब है कि बीती 14 दिसंबर 24 को पुलिस ने मल्लेकां क्षेत्र से दो अन्य आरोपी जगसीर उर्फ शीरा व कुलदीप सिंह उर्फ किपा के कब्जा से 49 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन बरामद कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ में हैरोइन स्पलायर की जानकारी दी थी।

### पुलिस विभाग के साथ क्षेत्र में पेट्रोलिंग की

**फतेहाबाद।** बीघड़ क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं रोकने को लेकर कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने पुलिस विभाग की टीम के साथ पेट्रोलिंग की और क्षेत्र में फसल अवशेष प्रबंधन की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सुपरसीडर का उपयोग कर रहे किसानों की सराहना की तथा बीज उपचार के महत्व पर जोर देते हुए उसकी विधि के बारे में भी किसानों को विस्तार से अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने कंबाइन में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम की आवश्यकता और लाभों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने की अपील की ताकि वातावरण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी सुरक्षित रह सके।

### काव्य पाठ एवं निबंध लेखन स्पर्धा आयोजित

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में काव्य पाठ एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार ने की। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रिचा रानी के नेतृत्व में छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढक़र भाग लिया। डॉ. अनिल कुमार ने छात्राओं को मानसिक रूप से सशक्त होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें नारी पुरुष समानता के लिए विद्रोहात्मक स्वर नहीं अपनाना बल्कि स्वयं में आत्मबल उत्पन्न कर न्यायोचित अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठानी चाहिए।

### वुशू चैंपियनशिप में छाए हेवन स्कूल के छात्र

**सिरसा।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट वुशु चैंयिनशिप-2025 में 9 टू 1 स्कॉलर्स हेवन स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंसिपल डॉ. अंजू शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ी युक्ति ने स्वर्ण पदक, जेतिन ने रजत पदक, सहजदीप, ध्रुव और हाद्रवित ने कांस्य पदक हासिल किए। उन्होंने सभी विजेता खिलाडिय़ों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी लगन, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है।

## सुनैना चौटाला और कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह धरने में हुए शामिल

# नप के बाहर पार्षदों का धरना, इनेलो और कांग्रेस नेताओं ने दिया समर्थन

- अधिकारियों को सत्ता में बैठे नेताओं की शह : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पार्षदों के धरने को समर्थन देते कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह।

शहर में लंबे समय से ठप्प पड़े विकास कार्यों से खफा पार्षदों ने नगरपरिषद अधिकारियों के खिलाफ सोमवार को भी धरना जारी रखा और जमकर नारेबाजी की। आज अनिश्चितकालीन धरने की अध्यक्षता ने पार्षद नीलम आहूजा व ज्योति मेहता ने की। संचालन पार्षद मोहन लाल नारंग ने की। पार्षदों का धरना अब राजनीतिक रूप ले चुका है। पार्षदों ने सभी राजनीतिक दलों से समर्थन मांगा था। इसके बाद सोमवार से राजनेताओं ने धरने पर पहुंचना शुरू कर दिया है। इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा आज पार्षदों के धरने पर पहुंचे और समर्थन दिया। पूर्व विधायक गिलाखेड़ा ने पार्षदों को बीजेपी के बायकाट की सलाह दी, वहीं, सुनैना चौटाला ने कहा कि अधिकारियों को सत्ता में बैठे नेताओं की शह है। इस कारण वह चुने हुए जनप्रतिनिधियों का कोई सम्मान नहीं कर रहे हैं। सरकार चाहे तो एक मिनट में अधिकारी पार्षदों का काम करेंगे।

बता दें कि, फतेहाबाद में पार्षदों द्वारा अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ पिछले कई दिनों से नगरपरिषद कार्यालय के अंदर धरना दिया जा रहा था। पार्षद अधिकारियों पर विकास कार्य नहीं करवाने के आरोप लगा रहे हैं। पार्षदों के आंदोलन के चलते डीएमसी ने नगरपरिषद हाउस की बैठक बुलाई और विकास कार्यों को लेकर पार्षदों से एजेंडे लिए गए लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे खफा पार्षदों ने आंदोलन को तेज करते हुए रविवार से नगरपरिषद के मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। आज सोमवार को भी काफी संख्या में पार्षद धरने में शामिल हुए।

धरने को समर्थन देने पहुंची इनेलो नेता सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो पुरजोर तरीके से पार्षदों के साथ है। शहर में प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर रिश्वत ली जाती है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए जनता को तंग किया जाता है।

चुने हुए पार्षदों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पार्षद अपने वार्ड के विकास की मांग कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी मनमाना बर्ताव कर रहे हैं। इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व सीपीएस एवं कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा ने पार्षदों से कहा कि शहर में मंत्री, मुख्यमंत्री आए तो आप लोग लाइन लगाकर खड़े हो जाते हो। पार्षदों को दोगली नीति छोडऩी पड़ेगी। सरकार का बायकाट करना है, तो फिर सीएम आए या मंत्री आए, उनके प्रोग्राम में जाने का कोई मतलब नहीं है।

### इन लोगों ने धरने को दिया समर्थन

*पार्षदों के धरने को आज अनेक राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने अपना समर्थन दिया। इनमें प्रमुख रूप से गोपाल चौधरी, सुरेंद्र लेगा, काका चौधरी, विजय निर्मोही, गुलशन ग्रोवर, देवी लाल एडवोकेट, सुशील बिश्नोई, क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के कंवर भान टुटेजा, प्रधान राजेंद्र गिलहोत्रा, पंचनंद सेवा ट्रस्ट से पवन रूखाया, गुलशन रूखाया, पूर्व सरपंच दीपक रानी, किरयाना यूनियन के प्रधान अशोक कुमार खट्टर, रेडीमेड क्लॉथ यूनियन के प्रधान प्रेम आहूजा, कृष्णा सेवा समिति के सचिव अनिल सरदाना, पूर्व नप प्रधान जुगलाल टुटेजा, कर्मचारी नेता निहाल सिंह मताना, एडवोकेट सुमन सिवाच, बीएसपी नेता सुभाष, कर्मचारी नेता मुंशी राम, बेगराज, किसान नेता कल्याण सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली, इनेलो जिला प्रधान बिक्कर सिंह हड़ौली, व्यापार मण्डल के प्रधान अशोक नारंग, आल इंडिया पंजाबी खत्री सभा से साहिब लाल वधवा, ओम प्रकाश चुघ, मोबाइल मार्केट के प्रधान विकास बत्रा, इनेलो नेता अंगद ढींगसरा, सतपाल सिद्धू, केएस बिट्टा, रामस्वरूप, राजेश शर्मा एडवोकेट, रामस्वरूप दुग्गल, अजय रोहज, सुशीला अमन, राज कुमार मेहता रिटायर्ड एसडीओ, अशोक मक्कड़, बसंत रूखाया, केवल रूखाया, राजेश शर्मा एडवोकेट, डॉ. रामफल आदि शामिल रहे।*



सिरसा। विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## ओपन जीत-कुने-डो चैंपियनशिप में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने और युवाओं में आत्मरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ओपन जीत-कुने-डो चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन सेठ तुलाराम धर्मशाला में हुआ, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यातिथि मंडी एसोसिएशन से अध्यक्ष प्रेम बजाज, उपाध्यक्ष राजू सुधा, सचिव राजेंद्र नढ़ा और कोषाध्यक्ष कृष्ण गोयल ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। समापन समारोह में मुख्यातिथि सिटी एसएचओ नरेश कुमार और विशेष अतिथि भीष्म मेहता थे। ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जैन और जिला मार्शल आर्ट के संस्थापक राजकुमार वर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। चैंपियनशिप के सफल आयोजन में प्रशिक्षक गुरजीत कंबोज, सुखराज इंसा, चिराग वर्मा, मन्नत झुंथरा, सरिना कंबोज, हार्दिक, सन्नी वर्मा, आगम्या मेहता, हैप्पी इंसा, कुसुम और वर्षा की विशेष भूमिका रही।

### नेत्र जांच शिविर में 255 रोगियों की हुई जांच



**सिरसा।** श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में आंखों की जांच व आप्रेशन का 274वां नि:शुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महिप बंसल द्वारा अपनी टीम व सहयोगियों के साथ 255 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच की। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 57 जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क ऑप्रेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 85 मरीजों की नि:शुल्क मधुमेह जांच के साथ सभी नेत्र रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां दी गई।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गांव स्तर पर शुरू होगी गतिविधियां

### 10 गांवों पर बनेगा एक कलस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में स्कूल, कॉलेज व ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं जल्द आयोजित की जाएंगी। ग्राम स्तर के बाद 10 गांवों के कलस्टर, उपमंडल व जिला स्तर पर भी रंगोली, भाषण, नारा लेखन और निबंध प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान में जुड़े विभागों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। इस प्रशिक्षण की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और पुलिस अधिकारियों को दी गई है। अभियान में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, शहरी निकाय, खेल, शिक्षा, पुलिस विभाग के साथ-साथ नेहरू युवा केंद्र और रेडक्रॉस की भी भागीदारी रहेगी। अन्य विभागों को भी नशा मुक्ति के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत की गई सभी गतिविधियों की फोटो व वीडियो नशा मुक्त भारत अभियान के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। 45 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में सभी विभाग व सामाजिक संगठन अपने-अपने स्तर पर नशा मुक्ति के लिए कार्य करेंगे। प्रारंभिक चरण में स्कूल, कॉलेज व ग्राम स्तर पर निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिताएं तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके बाद 10 गांवों के एक कलस्टर स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर आयोजित शहीदी यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

नौवें सिख गुरु एवं 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर आयोजित शहीदी यात्रा सोमवार को सिरसा जिले के गांव कालांवाली से होती हुई गदराना, लक्कड़ांवाली, दौलतपुर खेड़ा, रघुआना, बड़ागुढा, भंगू आदि गांवों में पहुंची। पवित्र यात्रा के गांवों में पहुँचने पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इस दौरान संगत ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि यह शहीदी यात्रा गत 8 नवंबर को गांव रोड़ी से आरंभ हुई थी, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी शिरकत की थी। यह यात्रा 17 नवंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए फतेहाबाद के लिए रवाना होगी।इससे पहले यह पवित्र यात्रा 11 नवंबर को ओढां से चोरमार साहिब, जलालआना, जगमालवाली, डेरा, असीर, पिपली, पाना, पन्नीवाला रूलदु तथा मिठड़ी पहुंचेगी।




सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

## ऑल इंडिया इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में सुकेश के मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

ज्ञान ज्योति स्कूल, दड़बा के 9वीं के छात्र सुकेश ने 27वी आल इंडिया सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में 394 अंक के साथ सटीक निशाना लगाकर इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्राचार्य अरविंद कूकना ने सुकेश को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि छात्र की इस उपलब्धि से न केवल अभिभावक बल्कि स्कूल की प्रबंधक समिति भी गौरवान्वित अनुभव कर रही है। सुकेश ने सटीक निशान लगाकर पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। स्कूल पहुंचने पर छात्र सुकेश का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष ककड़ ने कहा कि इससे पहले भी सुकेश ने अनेक प्रतियोगिताओं में स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

## गुरु तेग बहादुर ने मानवता की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर किया : सर्वजीत मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां



भट्टूकलां। कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षाविद् सर्वजीत मान। फोटो : हरिभूमि

महर्षि अरविंदो कॉलेज ऑफ एजुकेशन भट्टू मंडी में सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन एवं दर्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को श्री गुरु तेग बहादुर जी के त्याग बलिदान और मानवता के प्रति उनके अमूल्य संदेशों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् सर्वजीत सिंह मान, विनोद कक्कड़, सेवानिवृत्त प्रबंधक एफसीआई ने शिरकत की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सर्वजीत मान ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन दर्शन साहस सहित संयोजकता और सेवा भाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने मानवता की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विनोद कक्कड़ ने गुरु जी के बलिदान को आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक बताया और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह उनके आदर्शों को अपने अपने जीवन में अपनाये। सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया।

### गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में रक्तदान कैंप 25 को

**रतिया।** श्री गुरू तेग बहादुर महाराज जी के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी की शहादत पूरी मानवता के लिए थी जो कि इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है, इसलिए हम उन्हें हिन्द की चादर ही नहीं, बल्कि सृष्टि की चादर कहेंगे व ऐसी महान शखशियत एवं गुरू साहिब का 350वां शहीदी वर्ष एवं शताब्दी हम मना रहे हैं। आज जो हम खुली हवा में सांस ले लेकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं वह उन गुरु साहिबानों की बदौलत है जिसे हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी के शहीदी शताब्दी मौके 25 नवंबर को गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में गुरुद्वारा कमेटी के सहयोग से रक्तदान कैंप लगाया जा रहा है। स्वस्थ व्यक्ति इस कैंप में जरूर रक्तदान करें ताकि हमारा दिया हुआ रक्त किसी के जीवन सवार दे।

### संत नामदेव ने पढ़ाया समरसता का पाठः रोहिल्ला

**सिरसा।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज का 755वां प्रकाश उत्सव कालांवाली की सुखचैन रोड नामदेव धर्मशाला में मनाया गया। कालांवाली नामदेव सभा के प्रधान डॉ. दर्शन सिंह व समस्त कार्यकारिणी ने सिरोपा व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। पार्षद प्रतिनिधि मुकेश रोहिल्ला ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज को 72 बार भगवान के दर्शन हुए। जिनका महाराष्ट्र के पंडरपुर में बहुत बड़ा मंदिर है। जहां हर वर्ष पूरे भारतवर्ष में शोभा यात्राएं निकलती है। नामदेव महाराज ने सभी लोगों को आपस में मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया और सभी को एक सूत्र में पिरोकर समरसता का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह, जगतार सिंह, बूटा सिंह, भोला सिंह, महेंद्र सिंह, पाला सिंह, छिंदा सिंह, रमनदीप सिंह सोनू, हरमीत सिंह, सुखवीर सिंह कनेडी, हरदीप सिंह सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



सिरसा। जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिलेभर में आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता से संबंधित जागरूकता शिविर और रैलियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जिला के 71 विद्यालयों के 8374 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि जिला जेल में भी राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सहायक एलएडीसी दविंदर कौर और पैनल अधिवक्ता अनीता ने उपस्थित बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी तथा नालसा और हलसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स ने लीगल एड क्लीनिकों तथा आसपास के गांवों में भी जागरूकता शिविर लगाए।

### एसपी ने किया डायल-112 वाहनों का निरीक्षण, कर्मियों की तैयारियों का लिया जायजा

# एसपी ने पुलिस कर्मचारियों के लिए लगाया खुला दरबार, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन में सोमवार सुबह पुलिस परेड का आयोजन किया गया। एसपी सिद्धांत जैन ने परेड की सलामी ली। परेड के पश्चात एसपी जैन ने पुलिस लाइन के रिहायशी परिसरों का दौरा किया और पुलिसकर्मियों के आवास, सफाई, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मियों को बेहतर रहन-सहन की सुविधा प्रदान की जाए, ताकि वे और अधिक उत्साह, निष्ठा और समर्पण के साथ जनता की सेवा कर सकें। इसके बाद एसपी जैन ने जिलेभर की ईआरबी, राइडर और पीसीआर वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने डायल-112 आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली, सायरन, उपकरणों और टीमों की तत्परता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर संबंधित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और भविष्य में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। परेड का विशेष आकर्षण रही दंगा रोधक टीम की मॉक ड्रिल, जिसमें टीम ने आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की अपनी दक्षता और तत्परता का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने टीम की कुशलता और समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एसपी जैन ने पुलिस कर्मचारियों के लिए खुला दरबार लगाया। इस अवसर पर कर्मियों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं, जैसे आवास में सुधार, पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, परिवारिक कठिनाइयों, ड्यूटी समय और अन्य संबंधित मुद्दों को सीधे एसपी के सामने रखा। एसपी जैन ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया।

### खास बातें

- एसपी ने पुलिसकर्मियों के आवास, सफाई, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की
- डायल-112 आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली, सायरन, उपकरणों और टीमों की तत्परता का लिया जायजा

### पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने पर जोर

कुछ मामलों में त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार नियुक्त किए। इस पहल ने पुलिस कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाया और उनके लिए यह संदेश दिया कि प्रशासन उनकी भलाई और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। एसपी ने सभी कर्मियों को हिदायत दी कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार का नशा न करें और प्रत्येक नागरिक के साथ शालीन, संवेदनशील और सम्मानपूर्ण व्यवहार रखें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि न केवल पुलिस कर्मचारियों का मनोबल बढ़े, बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत बने। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### गुरु तेग बहादुर के जीवन पर सेमिनार आयोजित

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग द्वारा 'श्री गुरू तेग बहादुर जी के जीवन और विचारधारा' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रवक्ता कंचन रानी ने भाग लिया और श्री गुरू तेग बहादुर जी के जीवन, शिक्षाओं, बलिदान और मानवता के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता कंचन रानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नौंवे सिक्ख गुरू श्री गुरू तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी।

### बालिका दिवस पर मेधावी छात्राएं सम्मानित होगी

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 21 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं।

### दुकान में अवैध शराब बेचते रंगे हाथ काबू

**फतेहाबाद।** दुकान में अवैध तरीके से शराब बेचते एक व्यक्ति को भूना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस पार्टी रूटीन गशत पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गांव नहला में एक व्यक्ति अपनी दुकान पर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। मौके पर आरोपी की पहचान विकेश उर्फ विक्का, पुत्र ज्ञानीराम, निवासी गांव नहला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी की दुकान से 18 बोतल देशी शराब मार्का माल्टा बरामद की गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सिरसा।** आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है।

### कार्यकारिणी का गठन सोमनाथ बने अध्यक्ष

**रतिया।** पुरानी गऊशाला सेवा समिति की बैठक पुराना बाजार में स्थित पुरानी गऊशाला प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचीन गऊशाला सेवा समिति के अध्यक्ष सोमनाथ गर्ग व दुर्गा दास ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान प्राचीन गऊशाला सेवा समिति की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी सोमनाथ गर्ग को पुनः प्राचीन गऊशाला सेवा समिति का अध्यक्ष चुना गया।

### मनोज बड़ोपलिया तीसरी बार प्रधान चुने गए

**फतेहाबाद।** श्री शिव नगर धर्मार्थ ट्रस्ट के चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान व कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। जिसमें प्रधान पद पर मनोज गर्ग बड़ोपलिया ने अपने प्रतिद्वंदी धर्मपाल स्वामी को 1 वोट से हराकर प्रधान पद पर विजय प्राप्त की। वरिष्ठ उपप्रधान पद के लिए नरेश कुमार जाण्डली वाले ने अपने प्रतिद्वंदी आनन्द कुमार सांगा को 13 वोट से हराकर विजय प्राप्त की। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार महेन्द्र कुमार बंसल ने अपने प्रतिद्वंदी सतीश को हराया।

---

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में समस्याओं के जल्द समाधान की मांग

# डीसी से मिला संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल, मांगपत्र सौंपा

- बारिश, जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा जल्द देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज लघु सचिवालय पर रोष जताया। इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा, भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां के जिला प्रधान निर्भय सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा से सुखविन्द्र सिंह, जम्हूरी किसान सभा के प्रदेश प्रवक्ता तेजिन्द्र सिंह थिंद, राज्य सचिव रमेश चन्द्र रत्ताखेड़ा, नेकी राम भट्टूकलां, दलबीर सिंह आजाद सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

किसान नेता विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जिले में अत्याधिक बारिश, जलभराव के कारण खरीफ 2025 की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों को जलभराव से हुए नुकसान के अलावा बोनी जीरी व वायरस से संक्रमित फसल का भी मुआवजा दिया जाए। 2023 में आई बाढ़ से टूटी सड़कों को दोबारा बनवाया जाए। जिले के जिन गांवों में जलभराव की समस्या है, उनके लिए विशेष बजट जारी करते हुए पानी निकासी के स्थाई प्रबंध किए जाए। इसके साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को आगे ऐसी तबाही से बचाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाए और समयबद्ध ढंग से इसे लागू किया जाए। मण्डियों में धान की फसल में किसानों के साथ हुई लूट, बाहर से आने वाले धान की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। खरीफ फसलों पर किसानों को सरकार द्वारा घोषित एमएसपी न मिलने पर नुकसान की भरपाई करने की मांग की।



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर डीसी से मिलने जाता संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

#### बीमा कंपनियों की मनमानी

बीमा कम्पनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए और गांव को इकाई मानने की शर्त को हटाया जाए। बीमा क्लेम से बचने के लिए कम्पनियों द्वारा लगाए गए ऑब्जेक्शन हटाए जाए। साथ ही प्राइवेट बीमा कम्पनियों की बजाय सरकारी कम्पनियों को फसल बीमा योजना में जोड़ा जाए। खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। खाद के लिए शुरू किए गए पोर्टल की शर्त को हटाते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए। खाद के साथ जबरन नैनो, जिंक, सल्फर, बीज आदि जबरदस्ती देने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। पराली के नाम पर किसानों प बनाए गए मुकदमें रद्द हो।



**सिरसा।** लघु सचिवालय में धरना देते किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने उपायुक्त को सौंपा

## मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले दिया धरना

**सिरसा।** किसानों के मुद्दों के समाधान को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के तत्वावधान में किसानों संगठनों ने सोमवार को सिरसा के लघुसचिवालय में धरना दिया और उपायुक्त शांतनु शर्मा को हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू, भजन लाल बाजेकां, लक्खा सिंह अलीकां ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आक्रोषित है। अगर जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में संयुक्त किसान मोर्चा बड़े आंदोलन को मजबूर होगा और उसके लिए सरकार एवं प्रशासन जिम्मेदार होगा।

#### ये बोले किसान

किसानों की मांग है कि अत्यधिक बारिश, जलभराव/बाढ़ से बर्बाद हुई खरीफ -2025 की फसलों का मुआवजा, बोनी जीरी और वायरस से संक्रमित फसल का भी मुआवजा दिया जाए। साथ ही बाढ़ से हुए आर्थिक और मानवीय नुकसान का मुआवजा भी जारी किया जाए। 2023 की बाढ़ से टूटी हुई सड़कों को पहल के आधार पर बनाया जाए। जिन गावों में जलभराव की समस्या है, उनके लिए विशेष बजट जारी किया जाए।

---

## जमाल की बेटियों ने राज्य स्तर पर चमकाया सिरसा का नाम, वॉलीबॉल में जीता गोल्ड मेडल



**चोपटा।** चौधरी कुरड़ाराम पोस्ट ग्रेजुएट महिला महाविद्यालय जमाल की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ममता और उपेक्षा ने पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में 2 से 6 नवंबर तक आयोजित 27वीं राज्य ओलंपिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय का, बल्कि पूरे गांव जमाल का नाम गौरवान्वित हुआ है। यह जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक डॉ जसवीर जाखड़ कागदाना ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन एवं डायरेक्टर प्रोफेसर वेद प्रकाश गुप्ता ने ममता और उपेक्षा को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बेटियों ने यह साबित किया है कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी इसी जोश और समर्पण के साथ देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

## भोडियाखेड़ा में श्री श्याम संकीर्तन, बाबा के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा सेवा मंडल, फतेहाबाद के तत्वावधान में भोडियाखेड़ा स्थित पंजाबी चौक में श्री श्याम संकीर्तन बड़े उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर महिला मंडल ने बाबा श्याम की ज्योति प्रचंड करके कीर्तन का शुभारंभ किया। उसके बाद वंश मुटरेजा ने गणेश वंदना, श्याम कीर्तन करके बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। रजनी देवी ने बाबा श्याम के सुंदर भजनों से श्रद्धालुओं को बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर कर दिया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने श्याम बाबा के भजन 'मेरा हाथ पकड़ ले बाबा मन मेरा घबराये, बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, राधे-राधे बोल श्याम आयेंगे, इतनी कृपा संवारे बनाये रखना मरते दम तक सेवा में लगाये रखना' पर सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मंडल द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। संकीर्तन के अंत में पुजारी राकेश पंडित ने बाबा श्याम की आरती उतारी और सभी की अरदास लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया। संकीर्तन में श्याम बाबा का दरबार देखने योग्य था। सभी श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किये और प्रसाद वितरण किया गया।



---

## कुम्हारिया में किसानों को जहर मुक्त खेती करने के लिए किया प्रोत्साहित

- कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव कुम्हारिया में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह किसान गोष्ठी किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करने हेतु लगाई गई इसमें कृषि अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किसानों को जहर मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हम यदि प्राकृतिक खेती करते हैं तो इसमें कम लागत अधिक लाभ, प्राकृतिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग और जहर मुक्त उत्पादन मिलता है। उन्होंने बताया कि वे जीवामृत/घनजीवामृत का घोल बनाकर उपयोग करने पर खेतों में लाभकारी जीवाणुओं की संख्या बढ़ जाती है जो कि मृदा एवं फसलों के लिए बहुत ही उपयोगी है। साथ ही उन्होंने गेहूं के बीज उपचार और सरसों में आ रही मार्गोजा की समस्या का समाधान विस्तार पूर्वक बताया। किसान गोष्ठी के दौरान मोनू ने प्राकृतिक रूप से कीटों के प्रबंधन एवं फफूंद के प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसमें नीमस्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, दसपरनीअर्क दवा व फफूंद नाशक की जानकारी दी गई।





**फतेहाबाद।** गांव कुम्हारिया में आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### महिला पुलिस ने हिजरावां कलां में बच्चों को किया जागरूक

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत गांव हिजरावां के सरकारी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि थाना की टीम सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुमारी, प्रधान सिपाही भावना और एसपीओ जगसीर कौर समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में महिला थाना की टीम ने सरकारी स्कूल, गांव हिजरावां कलां में जाकर बच्चों को साइबर क्राइम, गुड टच-बैड टच और ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने बच्चों को सरल और समझने योग्य तरीके से ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में जानकारी दी।

## 'उड़ान विज्ञान सम्मेलन' में छाया एमएम कॉलेज, विज्ञान प्रश्नोत्तरी में रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में आयोजित 'उड़ान विज्ञान सम्मेलन' में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। एचएससीएसटी हरियाणा द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपने वैज्ञानिक ज्ञान और उत्साह का प्रदर्शन करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करना रहा। कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज की टीम ने भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर तान्या मेहता के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो कॉलेज के लिए एक उत्कृष्ट उपलब्धि है। विजेता टीम में एमएससी भौतिकी से मुस्कान, बीएससी भौतिक विज्ञान से प्रियंका तथा बीएससी मेडिकल से दिव्यांशु शामिल रहे। उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन और टीम वर्क के लिए उन्हें समारोह में प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा, सचिव विनोद मेहता, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया।



**फतेहाबाद।** विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम रही एमएम कॉलेज की टीम।

---

### समाधान शिविर में शिकायत

## भूना नपा ने वीडियो व फोटोग्राफी करवाने का नहीं किया भुगतान

**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता को वास्तविक राहत मिल सके। समाधान शिविर में किरढान निवासी रामगोपाल ने पीपीपी में प्लाट ठीक करवाने, स्थानीय अग्रवाल कॉलोनी निवासी कमलेश देवी ने अलग पीपीपी आईडी बनवाने, रामकौरी ने कच्चा मकान गिरने आर्थिक सहायता दिलवाने, लखविंद्र सिंह ने गाली गलोच, जाति सूचक अपशब्द कहने पर कार्रवाई की मांग की।





**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

## भाजपा युवा मोर्चा का सम्मेलन, युवाओं से आत्मनिर्भर बनने का किया आह्वान

- कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सार्थक बनाने के उद्देश्य से भाजपा युवा मोर्चा फतेहाबाद की ओर से युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संदीप आजाद और चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर ने की। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत के सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के महत्व से अवगत करवाया गया।

मुख्य वक्ता संदीप आजाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संजोया हुआ स्वप्न है, जिसे साकार करने की दिशा में देश तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अपनी क्षमता और प्रतिभा से विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज देश में हजारों नए स्टार्टअप जन्म ले रहे हैं, जिससे विकास हो रहा है।





**फतेहाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के सम्मेलन में भाग लेते कार्यकर्ता।

### घर-घर चला चेकिंग अभियान

## बिजली निगम का बिल न भरने वालों उपभोक्ताओं पर एक्शन

**रतिया।** बिजली निगम ने बकाया बिलों की वसूली के लिए सख्ती दिखाते हुए अभियान तेज कर दिया है। शहरी एसडीओ सुनील कंबोज के आदेश पर कनिष्ठ अभियंता धर्मचंद, जसवंत सिंह, सुरजीत कुमार तथा लाइनमैन अशोक कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार और राम कुमार आदि की टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने शहर में घर-घर जाकर बिजली मीटरों की जांच शुरू कर दी है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करवाया है या जिनका बकाया 5 हजार से अधिक है। उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी देते हुए कनिष्ठ अभियंता धर्मचंद ने बताया है कि शहरी एसडीओ सुनील कंबोज के आदेश पर उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच की गई।



**रतिया।** चेकिंग अभियान चलाती बिजली निगम की टीम।

---

### पुलिस ने थाने में तलब किया

## सोशल मीडिया पर अपराध को बढ़ावा दे रहे फॉलोवर पर सख्ती

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर अपराधों को बढ़ावा देने वालों पर फतेहाबाद पुलिस ने कड़ी नजर है। अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर फॉलोवर बढ़ाने और आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने की घटनाओं को लेकर पुलिस अलर्ट है। अपराध जांच शाखा उपनिरीक्षक वेदपाल एव सोशल मीडिया सेल प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने इंस्टाग्राम पर सक्रिय शीलू भाई 302 व जग्गा 302 जैसे खातों की गहन निगरानी की। कार्रवाई के दौरान इन खातों के कुल 5 फॉलोवरों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूछताछ के दौरान इन व्यक्तियों ने अपने अकाउंट्स से अपराधी खातों को अनफॉलो और ब्लॉक कर दिया। उनके बयान दर्ज किए गए और संबंधित आईडी विवरण भी प्राप्त किए गए। इन पांचों व्यक्तियों को भुना से बुलाया गया।



पुलिस द्वारा तलब किए गए युवा।

### शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन की धुन पर रंग-गुलाल से खुशियां मनाई

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह, शहर में निकली शोभा यात्रा

श्री राधा कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार की मूतियां स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा शक्ति नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सोमवार को दिव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्री राधा कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार, श्री खाटू श्याम जी, श्री हनुमान जी और श्री राम दरबार की प्रतिमाएं विधि-विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अपने आराध्य देवों के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम प्रकट किया। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन की धुन पर रंग-गुलाल से खुशियां मनाई। श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में शामिल देव डोलियों पर पुष्प-वर्षा की और अपने आराध्य देवों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। इसके बाद नवनिर्मित मंदिर में सोमवार को महानुष्ठान के बाद देव मुर्तियों के विग्रहों के आखों की पट्टी खोली गई व उन्हें शीशा दिखाया गया, जिसका पंडित कपिल कृष्ण बृजवासी ने मंत्र उच्चारण के साथ अनुष्ठान किया। जैसे ही शीशा टूटा, श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाए और अपने जीवन को धन्य बनाया। तत्पश्चात हवन में पूर्णाहुति के साथ ही प्रभु की पहली आरती की गई व श्रद्धालुओं ने परिक्रमा करके समारोह का समापन किया। कार्यक्रम के पश्चात देसी घी का भंडारा वितरित किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण



**रतिया।** शोभा यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।